## संक्षिप्त

### हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू समाज द्वारा विभिन्न सम्मेलनों के आयोजन हेतु तैयारियों का दौर जारी है इसी के तहत हाथीपोल बस्ती आयोजन हेतु बस्ती संयोजक कमल प्रकाश बाबेल की अध्यक्षता में अचलगच्छ सेठ समाज के मंदिर में रखी गई।सहसंयोजक कुंदन चौहान ने बताया कि बैठक में गुलाबेश्वर भेरूजी समिति, सेठ समाज, खटीक समाज,अंबेडकर सभा, यादव समाज,तंबोली समाज,पीपा क्षत्रिय समाज,सोनी समाज, लोहार समाज, वाल्मीकि समाज, पुरबिया समाज जैन समाज आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में 25 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में सर्व हिंदू समाज द्वारा पंचायती नोहर बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी बैठक आज चारभुजा मंदिर कुमावत समाज के नोहरे खेरादीवाडा में मुख्य संरक्षक कबीर आश्रम के संत श्री तपस्वी साहब गुरुजी के सानिध्य में संपन्न हुई।

### युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में रेस्टोरेंट में एक युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामाता थाना क्षेत्र आचार्य मार्ग पर स्थित स्नेप कुक रेस्टारेंट पर कार्यरत सफाई कर्मी कानपुर युपी निवासी शुभमपाल (23) ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। रात में खाना खाने के बाद शुभमपाल सोया था। मंगलवार सवेरे देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। इसकी सूचना पर आरपीएस प्रशिक्षु रामकुमार मय टीम ने मौके पर पहुंच कर फंदे से निचे उतार कर मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी है। जिनके आने पर पोस्टमार्टम होगा। शुभम एक माह से रेस्टोरेंट पर काम कर रहा था। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

### राजकार्य बाधा का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने शराब तस्कर के खिलाफ राजकार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया। खेरवाड़ा थाना एएसआई राजेश मेहता ने शराब तस्कर दीपक पटेल पुत्र मानजी पटेल निवासी डगार झल्लारा के खिलाफ राजकार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसारजिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नेशनल हाईवे 48 से खाण्डी ओवरी, करनाउवा रोड़ से खेरवाड़ा रोड़ पर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान कार चालक पुलिस के वाहन को टक्कर मार कर भागा। जिसका पिछा करने पर टायर फटने से कार के रूकने पर तलाशी ली तो उसमें 33 कर्टन अवैध शराब थी एवं चालक दीपक को गिरफ्तार किया था। शराब तस्करी कर गुजरात लेजाई जा रही थी।

### धोखे से जमीन हड़पी, मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।**झाड़ोल थाना पुलिस ने दो भाईयों व पटवारी के खिलाफ पीडित से धोखे से जमीन हडपने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता नानूड़ी पत्नपी कालिया गमेती निवासी मादड़ी पारगीया पाड़ा झाड़ोल ने आरोपी फला ओवरा निवासी बाबुलाल पुत्र नानालाल भील तथा लक्ष्मण पुत्र नानालाल भील तथा तत्कालीन पटवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपियों ने वर्ष 2012 में मेरे पिता के नाम की जमीन को धोखाधड़ी से अपने नाम करवा ली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### पत्रकारों से रूबरू हुए चिराग पासवान

**उदयपुर, (कासं)।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट लक्ष्य भारत को दुनिया का फूड बास्केट बनाना और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित करना है। पासवान मंगलवार को होटल मैरियट में आयोजित मंत्रालय के हितधारकों तथा विभिन्न राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के दो दिवसीय चिंतन शिविर के समापन अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि एक समय देश में खाद्यान्न की भारी कमी हुआ करती थी, लेकिन आज भारत खाद्यान्न सरप्लस देश बन चुका है। इसका पूरा श्रेय देश के अन्नदाता किसानों को जाता है।

## अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरुप प्रदेश में युवाओं को रोजगार प्रदान करने तथा भर्ती परीक्षाएं निष्पक्ष और निर्विवाद रूप से संपन्न कराने की दिशा में सरकार निरंतर रूप से सफल हो रही है। विगत चार दिनों से शहर में आयोजित हो रही प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा मंगलवार को संपन्न हुई। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 4 दिन विभिन्न पारियों में विभिन्न विषयों की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें शहर में कुल 391 परीक्षा केंद्रों पर 1 लाख 10 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा पूर्ण रूप से शांतिपूर्वक और पूर्ण अनुशासन से संपन्न हुई।

मंगलवार को संस्कृत विषय के लेवल प्रथम एवं लेवल द्वितीय की परीक्षाएं आयोजित हुई। इसमें प्रातः 10 से 12:30 बजे तक आयोजित लेवल प्रथम संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल दो परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 576 अभ्यर्थियों के मुकाबले 486 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 90 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे इस प्रकार कुल 84.38 फ़ीसदी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसी प्रकार दूसरी पारी में दोपहर 3 से 5:30 बजे तक लेवल 2 संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित हुई।

# बांसवाड़ा में एमजी अस्पताल में बनेगा हेल्पलाइन सेंटर



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिले के चिकित्सा संस्थानों से रेफर होने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए एमजी अस्पताल में हेल्पलाइन सेंटर की स्थापना की जाए। उक्त निदश जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल प्रशासन के साथ बैठक कर हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए तथा

- **कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीसीएमओ हर माह तीन बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करेंगे**

इसे जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में सर्कुलेट किया जाए ताकि रेफर केसों से संबंधित मरीजों की जानकारी पहले से ही जिला अस्पताल में उपलब्ध हो सके। इस दौरान जिला अस्पताल से पीएमएओ के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. वीके जैन ने भी इस प्रक्रिया को लेकर तैयारियां शुरू करने की बात कही।जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने अस्पतालों में ड्रेस कोड को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म में रहने से मरीजों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे स्टाफ से बेझिझक संवाद करते हैं। वार्ड में तैनात सभी कार्मिक हर हाल में ड्रेस कोड का पालन करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ ने जननी सुरक्षा योजना एवं लाडो प्रोत्साहन योजना में शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं एडिशनल सीएमएचओ डॉ. भरतराम मीणा ने मातृ एवं परिवार कल्याण से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कलेक्टर ने सभी बीसीएमओ और अस्पताल प्रभारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अभी से तैयारियां शुरू कर दी जाएं। अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी और पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस संबंध में किसी भी प्रकार की कौताही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मां वाउचर योजना से जुड़े सभी प्रथम स्तर के सोनोग्राफी केंद्रों पर बीसीएमओ एवं प्रभारी चिकित्सकों के हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए जाएं ताकि लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। साथ ही 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं में एएनसी पंजीकरण के लिए संपर्क का दायरा बढ़ाने पर जोर दिया।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बीसीएमओ हर माह तीन बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करेंगे। पहली केवल सीएचओ की, दूसरी एएनएम एवं एलएचवी की और तीसरी दोनों कार्मिकों की संयुक्त बैठक होगी। इन बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारी भी भाग लेंगे ताकि स्वास्थ्य योजनाओं में मौजूद गैप को पूरा किया जा सके। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं के पैरामीटर्स पर प्रभावी ढंग से काम करने के निर्देश दिए गए जिससे उनके इंसेंटिव में वृद्धि के साथ आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## एक साल से फरार इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आबापुरा थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट मामले में एक साल से फरार पांच हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रमेशचन्द्र के नेतृत्व में गठित टीम ने पोक्सो एक्ट मामले में एक साल से फरार पांच हजार के ईनामी अभियुक्त हरीष पुत्र लखा माल निवासी छप्पड़ थाना आबापुरा को गिरफ्तार किया।

मामले में 28 अक्टूबर 2024 को एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर पत्नी बनाने की नियत से भगा ले जाने का प्रकरण दर्ज कराया था। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने पीड़िता को 3 जनवरी 2025 को दस्तयाब कर लिया था लेकिन आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। आरोपी की तलाष में दो बार पुलिस टीम सुरत, वड़ोदरा, मुम्बई भेजी गयी लेकिन आरोपी हरीष लगातार ठिकाने बदलता रहा। आज मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसएचओ रमेषचन्द्र मीणा, एएसआई प्रकाषचन्द्र, सहायक उपनिरीक्षक विट्ठलदत्त पाटीदार, हैड कांस्टेबल कीर्तन सिंह व हरीषचन्द्र, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, सुभाशचन्द आदि रहे।

## पत्रकारों को मिला सत्य कलम अवॉर्ड

**उदयपुर, (कासं)।** सत्य, साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व की ताकत को पत्रकारिता के क्षेत्र में ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे उदयपुर के पत्रकारों को बीती शाम सत्य कलम पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। शी सर्कल इंडिया ;एससीआई की ओर से यह आयोजन नाकोडा पुरम स्थित होटल सितारा ग्रैंड में हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि मेवाड राजघराने की पूर्व सदस्य निवृत्ति कुमारी मेवाड रहीं। उन्होंने शहर के पत्रकारों का हौसला बढाया। शी सर्कल इंडिया की संस्थापक तारिका भानुप्रताप ने बताया कि सत्य कलम पुरस्कार उन पत्रकारों को समर्पित है जो निष्पक्षता,निडरता और सामाजिक सरोकारों के साथ अपनी लेखनी और आवाज के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। यह सम्मान पत्रकारिता के मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में सार्थक और प्रेरणादायक प्रयास रहा।

कार्यक्रम में शहर के 47 पत्रकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें आनंद शर्मा, अंशुमन, अविनाश जगनावत, भगवान प्रजापत,भूपेंद्र चौबीसा, चंद्रप्रकाश गंधर्व, धीरेंद्र जोशी, दुर्गेश वर्मा, गौरीकांत शर्मा, हेमेंद्र श्रीमाली, कपिल पालीवाल, कैलाश सांखला, कमल वसीटा, कपिल श्रीमाली, किंजल तिवारी, कुलदीप गहलोत, लक्ष्मण गोरन,लकी जैन, मनु राव, निशा राठौड,ओमप्रकाश पूर्बिया, प्रकाश मेघवाल, प्रकाश शर्मा, प्रमोद गौड, प्रमोद सोनी,पुष्पेंद्र सिंह,रफीक पठान, राकेश शर्मा राजदीप,राजेश वर्मा, रजनी कौर,रजनी शर्मा,रवि मल्होत्रा, रवि शर्मा,आरजे अर्पित, आरजे काव्या,संजय खाब्या,संजीत चौहान, सुभाष शर्मा, सुधा कावडयि, सुनील पंडित, आरजे सूरी, वरुण सुराणा, शरद लोढा,विजय कुमावत, विप्लव कुमार जैन, योगेश नागदा, यूनुस खान और जहीर अब्बास शामिल रहे।

**Name Changed**
I have changed my name from Prakash Chandra Sankhla to Prakash Chandra Teli S/o Lahri Lal Sankhla for all purposes. R/o-Kelwa, Rajsamand (Raj.)

**Name Changed**
I have changed my name from Upasana Ramani to Simran Kingrani W/o Rahul Kingrani for all purposes. R/o: 43-A, Tulsi Nagar, Sec. 5, Udaipur (Raj.)

**Name Changed**
I have changed my name Indian Passport Holder Numb-J4816962 from Meenaxi Jain to Meenakshi Jain W/o Dhiraj Kumar Jain for all purposes. R/o-193, Sec-11, Udaipur (Raj.)

Publication Requiring Attendance Of Respondent (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
**Before Ms. Renu Gupta, Sole Arbitrator**, Under The Aegis Of Delhi International Arbitration Centre
**Case No. DIAC/8449/05-24**
**In The Matter Of:**
**M/s Shell India Markets Pvt. Ltd.** ... *Claimant*
Versus
**S.S. Earthmovers** .......*Respondent*
To, 1. **SS Earthmovers** Through its Proprietor Having its Office at: Hawa Magri, Plot -1, Main Road, Sukher, Udaipur 08, Rajasthan - 313001 Email: **purchase.ssearthmovers@gmail.com**
**Also at:** 163, NR, Hotel Mahima Regency, Pratap Nagar Byepass, Udaipur, Rajasthan - 313001
**Also at:** Main Road, Sector .5, Hiran Magri, Panerion ki Madri, Udaipur, Rajasthan - 313001
None appeared on your behalf before the Ld. Arbitrator on 07.01.2026. This is to inform you that, as per the directions of Ms. Renu Gupta, Advocate, Sole Arbitrator., the next date of hearing in the matter is fixed on **27.01.2026 at 02:30PM at DIAC, New Delhi and/or at: A-35, 1st Floor, Defence Colony, New Delhi.**
**Note:** Having Circulation Of The Address Of Respondent Mentioned Above.
**Counsel For The Claimant**

## प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर ( लघु उद्यमी ) प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।**

**डूंगरपुर, (निसं)।** बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान डूंगरपुर 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर (लघु उद्यमी) प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमे मैनीक्योर और पेडीक्योर सिद्धांत प्रदर्शन और अभ्यास, वैक्सिंग, थ्रेडिंग और आइब्रो शेपिंग,ब्यूटीशियन, डिटेनिंग-चेहरे की ब्लीचिंग, स्किन टाइटनिंग फेशियल, आदि करना सिखाया गया।

मूल्यांकन के लिए आये हुए शरद माथुर व वंदना सोनी के द्वारा किया गया,जिसमे सफलतापूर्वक सभी प्रशिक्षणार्थियो भाग लिया।

संस्थान के निदेशक रुपांग टंडेल ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने की बधाई दी और स्वयं का रोजगार शुरू कर जीवन सफल बनाने की कामना करते हुए कहां कि आगामी दिनों में डूंगरपुर सेंटर में ब्यूटीपार्लर सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र आरंभ होने वाले हैं।

# शिविर में 152 यूनिट रक्तदान

**उदयपुर/भीण्डर, (कासं)।** वल्लभनगर विधानसभा से कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक गजेंद्र सिंह शक्तावत की पांचवीं पुण्यतिथि पर कानोड़, भींडर, खेरोदा, वल्लभनगर सहित विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न आयोजन हुए। इस दौरान पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने कहा कि ये सभी कार्यकर्ताओं का स्व. गजेंद्र सिंह शक्तावत के प्रति प्रेम है, जो रक्तदान करके उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुलाब सिंह शक्तावत राजकीय जिला चिकित्सालय भींडर, सेटेलाइट हास्पीटल वल्लभनगर, खेरोदा चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कानोड़ में गायनिक वार्डों में कम्बलो का वितरण किया गया। इधर गुलाब सिंह शक्तावत मूर्ति स्थल रामपोल बस स्टैंड भींडर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 152 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से शुरू हुआ जो की अपराह्न तीन बजे तक चला। इस



**पूर्व संसदीय सचिव गजेंद्र सिंह शक्तावत की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।**

दौरान पूर्व विधायक वल्लभनगर प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत, देहात जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा, शहर जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, पूर्व प्रधान करण सिंह कोठारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भीण्डर सुन्दर लाल लिखमावत, ब्लॉक महामंत्री बंशी लाल चौबीसा, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष माधव लाल अहीर, विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल लाल जाट, ब्लॉक अध्यक्ष भीण्डर खेमराज मीणा, वल्लभनगर चन्द्र प्रकाश मेनारिया आदि मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की

**राजसमन्द, (निसं)।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधायक जनसुनवाई केन्द्र कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पीपली आचार्यान, पसूंद एवं गोगाथला से पधारे नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न जनहित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर पंचायतों के नागरिकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रगतिशील विकास कार्यों, क्षेत्र की आवश्यकताओं, जनहित से जुडे मुद्दों एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही



**विधायक दीप्ति माहेश्वरी महिलाओं से चर्चा करती हुई।**

सुनिश्चित करने को कहा।

कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मतदाता शुद्धिकरण अभियान को निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मतदाता शुद्धिकरण अभियान का विरोध करना इस बात का प्रमाण है कि यह अभियान देश और लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**सलूंबर, (कासं)।** उदयपुर रेंज पुलिस द्वारा रेंज स्तर पर संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम के तहत सलूंबर जिले में किशोर न्याय (बालको की देखरख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई/थाना स्तर पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले में किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के साथ थाना स्तर पर बालकों से संबंधित मामलों में नए अधिनियम, बाल अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान तथा वर्तमान परिपेक्ष्य में मुख्य रूप से साइबर क्राइम को रोकने के लिए

- **एसजेपीयू की बैठक में बाल अपराधों की प्रभावी रोकथाम पर चर्चा हुई**

जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बाल संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए एसपी यादव ने कहा कि बालकों एवं किशोरों से जुडे मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए उन्हें सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराए और उनके समग्र विकास के लिए प्रयास करें। उन्होंने बच्चों के मामलों में पोक्सो और जेजे एक्ट में तय गाइडलाइन और निर्धारित प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने और नवीन प्रावधानों के साथ संबंधित प्रावधानों में होने वाले बदलाव का समय समय पर अध्ययन करने की बात कही।

Tel.& Fax 0294 2418976, 2417835 (O), Em: deanrcaudr@yahoo.com
राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
**RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE**
**MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY**
**GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313 001**
Dr. M.K.Mahla
Dean and Faculty Chairman
No.RCA/Acctts./2026/6974
Dated: 16.01.2026
NIT No.: RCA/NIT/2025-26 /NIB-35
Sealed of fline bids are invited up to 28.01.2026 **of 01.00 PM** in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No.RCA/NIT/2025-26/NIB-35 UBN NO. ATU2526SSLB00268 **"Cleaning and Sanitation work for different department of RCA Udaipur from Feb. 2026 to Jan. 2027".** Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites or the website of State Public Procurement Portal website may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft/online.
**DEAN, RCA**

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द**
सं. 713-14 **लोक-सूचना** दिनांक: 20/01/2026
श्री राजेश पालीवाल पिता श्री भानु पालीवाल एवं श्रीमती प्रियंका पालीवाल पत्नी श्री राजेश पालीवाल निवासी वार्ड नं.15 पीएनबी के सामने कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | हवाला | 415/94<br>416/94 | रकबा 0.0335 हैक्टैयर<br>रकबा 0.1850 हैक्टैयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20/01/26 को जारी की गयी।
**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**

## श्री श्रीयादे माता का जन्मोत्सव मनाया

**कपासन, (निसं)।** कपासन में समस्त प्रजापत समाज ने अपनी कुलदेवी श्री श्रीयादे माता का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर युवा मंडल और वरिष्ठ समाजजनों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया ओर भव्य शोभायात्रा निकाली। जन्मोत्सव कार्यक्रमों की शुरुआत सोमवार शाम को भजन संध्या के आयोजन से हुई। आज सुबह विधिवत हवन किया गया। हवन के बाद, प्रजापत समाज भवन स्थित मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा कपासन नगर के प्रमुख मार्गों जैसे बस स्टैंड, पांच बत्ती चौराहा, सुखाड़िया मार्केट, रोडकिया बाजार, सदर बाजार, पुलिस चौकी, सुनारिया मंदिर, पाईक मोहल्ला और आखरिया चौक से गुजरी। शोभायात्रा का समापन कुमार समाज के नोहरे स्थित मंदिर पर हुआ। शोभायात्रा में प्रजापत समाज की महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। वे नाचते-गाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय और उत्सव का माहौल बन गया। समाजजनों ने कुलदेवी श्री श्रीयादे माता से समाज की सुख-समृद्धि और एकता के लिए प्रार्थना की।

# खेल प्रतियोगिता रस रंग 2025-26 का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय सायंकालीन विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता रस रंग 2025-26 का समापन संस्थान के सभागार में हुआ। प्रारंभ में अधिष्ठाता डॉ. एसबी नागर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह

- **मेहंदी प्रतियोगिता में कविता प्रथम**

सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि समग्र विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा आयोजित सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेना जरूरी है जिससे शरीर, स्वस्थ एवं तंदुरस्त रहेगा। खेल से टीम भावना से काम करने, नेतृत्व क्षमता व धैर्यता के साथ आगे बढ़ने की क्षमता विकसित होती है।

ये रहे परिणाम :100 मीटर रेस



**उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान करते प्रो. सारंगदेवोत।**

पुरूष वर्ग में सुभाष चंद मीणा, महिला वर्ग में रवीना डांगी प्रथम, 400 मीटर में गिरिराज उपाध्याय, रवीना डांगी प्रथम, गोला फेंक में सचिव कुमार, रीना कुमारी प्रथम, लम्बी कुद में सूरज शर्मा, भाविका कंवर प्रथम, तश्तरी फेंक में सचिन कुमार, रीना कुमारी प्रथम, बॉलीबॉल में सुमित पालीवाल, क्रिकेट प्रतियोगिता में गिरिराज उपाध्याय की टीम प्रथम रही। मेहंदी प्रतियोगिता में कविता त्रिपाठी, रंगोली में हिनल टेलर, आशुभाषण में सोनु राठौड, एकल गायन में हर्षित पालीवाल, समूह नृत्य में तेजस्वी, शतरंज प्रतियोगिता में अमित यादव, गरिमा गर्ग , कैरम में विक्रम कुमार बरेरा, शैली सोलंकी प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. विनस व्यास, डॉ. जयसिंह जोधा, डॉ. हितेश गंधर्व, डॉ. भावना, डॉ. शिवांगी, ठाकुर वर्मा, प्रभा चतुर्वेदी, डॉ. नेहा, ममता, नीलू, किरण, अनीता, अजयपाल, पुरखा राम, पुनीत, सुशील कुमार सचान, डॉ. धीरेन्द्र, डॉ. दीपेश वत्स आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय सेमिनार शुरु

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत जिले में उद्यानिकी फसलों की सम्भावनाएं एवं चुनौतियां विशयक दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार शुभारंभ उद्यान विकास समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में जनजाति विकास विभाग सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि हकरू भाई मईड़ा रहे जबकि बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान बलवीर रावत व कृषि अनुसंधान संस्थान संभागिय निदेशक हरविलास मीना, रणछोड पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे। सेमीनार में उद्यानिकी से जुड़े जिले के 100 कृषकों ने भाग लिया। सेमीनार में विभिन्न विशेषज्ञों ने उद्यानिकी की उन्नत जानकारी दी। मुख्य अतिथि हकरू मईड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिये लगातार प्रयासरत हैं। समर्थन मूल्य के माध्यम से उपज की खरीद की जा रही हैं। किसान फल, फूल, सब्जी के बागान लगाकर योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। कार्यशाला में किसानों को उत्पादन बढ़ाने एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्पादों की मार्केटिंग की आवश्यकता है ताकि किसानों को सही लाभ मिल सके।

**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**
क्रमांक/नपनि/स्टोर/25-26/6995 दिनांक: 20/01/2026
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 2025-26-E-30**
नगर परिषद निम्बाहेडा द्वारा नगर निकाय में अनुभवी फर्मो/ठेकेदारो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईड **eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑनलाईन अल्पकालीन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण **sppp.rajasthan.gov.in** के **NIB Code DLB2526BO531** पर भी देख सकते है।

| कार्य निविदा के कार्य | कुल 1 कार्य |
|---|---|
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 24.00 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 20.01.2026 समय प्रातः 10.00 बजे से 23.01.2026 प्रातः 11 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक | 23.01.2026 समय दोपहर 1.00 बजे |
| ऑनलाईन राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | 23.01.2026 समय प्रातः 11.00 बजे |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 23.01.2026 समय दोपहर 3.00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनीकी बिड मूल्यांकन पश्चात |
| **UBN** | **DLB2526GLOB31374** |

( विकास पंचोली )
प्रशासक
नगर परिषद निम्बाहेडा

( कौशल कुमार खटूमरा )
आयुक्त
नगर परिषद निम्बाहेडा

# छबड़ा में स्कूल की निर्माणाधीन दीवार भरभराकर गिरी, बड़ा हादसा टला

## गिरने वाली निर्माणाधीन दीवार के समीप ही कक्षा-कक्ष में विद्यार्थी बैठे हुए थे

**छबड़ा, (निसं)।** बापचा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवनखेड़ी में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब स्कूल की निर्माणाधीन दीवार अचानक भराभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि इस गंभीर घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, क्योकि गिरने वाली निर्माणाधीन दीवार के समीप ही कक्षा-कक्ष में विद्यार्थी बैठे हुए थे। यह घटना स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए मामले की जांच करने के लिए निर्देश दिए हैं।

जानकारी अनुसार स्कूल के जीर्ण-शीर्ण भवन का मरम्मत आदि का कार्य चल रहा था। इसी दौरान यह घटना हुई। जिस समय निर्माण कार्य चल रहा था, उसी के समीप बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। दीवार गिरते ही स्कूल परिसर में एकाएक रूप से हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि स्कूली बच्चे और कार्य कर रहे श्रमिक बाल-बाल बच गए, अन्यथा झालावाड़ के पिपलोदी जैसा बड़ा हादसा घटित हो सकता था। घटना के बाद शिक्षकों ने त्वरित बच्चों की छुट्टी कर दी। बापचा मंडल अध्यक्ष हेमराज लोधा ने बताया कि यह घटना एक चेतावनी है कि स्कूल भवन की सुरक्षा और रखरखाव में लापरवाही के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होने प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की।



बापचा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवनखेड़ी में निर्माणाधीन दीवार अचानक भराभराकर गिर गई।

- **विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने दीवार गिरने की घटना पर नाराजगी जताई, कार्रवाई के निर्देश दिए**

**जांच के लिए पहुंचे अधिकारीः-** घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार यादवेंद्र ने मौके पहुंचकर घटना से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। वही, बारां से भी समसा की एईएन, जेईएन की टीम मौके पर पहुंच गई थी जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने कहा कि निर्माण व विकास कार्यों में अनिमितताएं व भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा, विशेषकर स्कूलों से जुड़े निर्माण कार्यों में। उन्होंने सेवनखेड़ी स्कूल की दीवार गिरने के मामले में संवेदक की कार्यप्रणाली पर कड़ा आक्रोश जताया और शिक्षा व पीडब्ल्यूडी सहित अन्य एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण व विकास कार्यों में अगर अनियमितता या लीपा-पोती की तो संबंधित कार्रवाई के लिए तैयार रहें। आमजन व स्कूली बच्चों के जीवन व सुरक्षा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा।

# नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**नोखा, (निसं)।** थाने में दो युवकों के खिलाफ एक विवाहिता का अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म, गहने और नगदी लूटने और बंधक बनाने का मामला दर्ज किया गया है। फलोदी जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर यह जीरो नंबरी एफआईआर दर्ज हुई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह इलाज और आंखों की जांच के लिए अपने गांव से नोखा आई थी। नोखा में उसकी मुलाकात हरीश मेघवाल से हुई। हरीश ने उसे बाजार आने को कहा। इसके बाद हरीश पीड़िता को एक होटल में ले गया, जहां उसे नशीला पदार्थ मिला हुआ ठंडा पेय पिलाया गया। पेय पीने के बाद पीड़िता को सिर भारी लगने लगा। इसी दौरान महेंद्र नामक एक अन्य व्यक्ति भी वहां पहुंचा। आरोपियों ने उसे टैक्सी में बिठाकर दूसरी जगह ले जाकर दोबारा नशीला पानी पिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपियों ने पीड़िता के पास से 11 हजार रुपए नकद, सोने की रखड़ी और एक तोला वजन का लॉकेट छीन लिया। इसके बाद दोनों आरोपी उसे बीकानेर और डूंगरगढ़ घुमाते रहे और लगातार नशीला पदार्थ देते रहे। बाद में उसे बीकानेर में एक किराए के कमरे में करीब 20 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और लगातार नशीली गोलियां दी जाती रही। जब नशे का असर कम हुआ, तो पीड़िता ने अपने गहनों और रकम के बारे में पूछा, जिस पर आरोपियों ने सामान लौटाने से इनकार कर दिया। मौका पाकर पीड़िता ने किसी तरह अपने पति को फोन कर होटल का पता बताया। सूचना मिलने पर पति और परिजन मौके पर पहुंचे और उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे अश्लील वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच नोखा सीओ जरनैल सिंह कर रहे हैं।

- **महिला का अपहरण कर 20 दिन बंधक बनाया, गहने-नगदी भी लूटी**

# राज. राज्य अर्न्तजिला सिविल सेवा प्रतियोगिता में जयपुर की टीम उपविजेता रही




समारोह में कोटा कलैक्टर पीयूष सामरिया ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

**कोटा/जयपुर।** 17 से 19 जनवरी तक कोटा में आयोजित राजस्थान राज्य अर्न्तजिला सिविल सेवा प्रतियोगिता में 26 जिलों की टीम ने भाग लिया, जिसमें से जयपुर जिले की टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। कप्तान निकुंज छीपा के नेतृत्व में जयपुर जिला की टीम ने शानदार खेल दिखाया। टीम के अन्य सदस्यों में खिलाड़ी राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. अनिल यादव , राहुल मीना, मेजरदीन, रणवीर सिंह, अजय एवं मैनेजर प्रकाशचंद थे। कोटा कलैक्टर पीयूष सामरिया ने समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

# अलवर के सरकारी स्कूल में शिक्षक का शव मिला

**अलवर, (निसं)।** अलवर में सरकारी स्कूल में टीचर (शिक्षक) का शव मिला है। शिक्षक छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा तो वापस स्कूल में देखा गया। इस दौरान एक कमरे में शव मिला। मामला थानागाजी के किशोरी गांव में संस्कृत स्कूल का है।

जानकारी के अनुसार थानागाजी उपखंड कार्यालय से करीब 30 किलोमीटर किशोरी गांव है। गांव में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल के कमरे में टीचर हंसराज जांगिड़ (42) का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर थानाधिकारी रामस्वरूप पुलिस जाब्ते के साथ स्कूल में पहुंचे। शव को थानागाजी हॉस्पिटल में रखवाया गया। टीचर मूल रूप से किशोरी गांव के रहने वाले थे। परिवार के साथ थानागाजी में रह रहे थे। उनके भाई विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हंसराज रोजाना की तरह थानागाजी से किशोरी में अपने स्कूल गए थे। स्कूल की एक चाबी वे खुद रखते थे। सोमवार शाम को छुट्टी होने पर भी घर नहीं पहुंचे थे। परिजनों ने कॉल किया, तो मोबाइल स्विच ऑफ आया। परिवार ने दोस्तों, रिश्तेदारों हर जगह तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजन तलाश करते हुए रात 10 बजे स्कूल पहुंचे। तब कमरे में शव मिला। पुलिस का कहना है कि परिवार के लोगों ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया है, लेकिन वे तनाव में रहते थे। मृतक के शरीर पर कोई निशान नहीं है। टीचर के दो बच्चे हैं। स्कूल के स्टाफ ने बताया कि टीचर ने बीएलओ के रूप में काम किया था। एसआईआर का अच्छा काम किया था।

# बयाना में सीआईडी जोन यूनिट कार्यालय खुला

**बयाना/ भरतपुर, (निसं)।** सरकार ने कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बयाना क्षेत्र में क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट जोन यूनिट कार्यालय की स्थापना की है। कार्यालय के खुलने के साथ ही अब बयाना सहित आसपास के क्षेत्रों की हर गतिविधि पर सीआईडी की कड़ी निगरानी रहेगी। यूनिट कार्यालय पर तैनात सहायक उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यालय के लिए कुल 8 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 4 पदों पर तैनाती की जा चुकी है। यह सीआईडी कार्यालय बयाना में खुली है जिसके अंतर्गत बयाना कोतवाली, बयाना सदर थाना, वैर-भुसावर, छोकरवाड़ा, रुदावल, रूपवास और गढ़ी बाजना थाना क्षेत्रों को कवर करेगा।

# जोधपुर में इवेंट इंडस्ट्री पर डीजीजीआई का छापा

**जोधपुर, ( कासं )।** शहर में मंगलवार सुबह डीजीजीआई (जीएसटी इंटेलिजेंस डायरेक्टरेट) की जयपुर से आई टीमों ने इवेंट, टेंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। जीएसटी चोरी के इनपुट के आधार पर डीजीजीआई जयपुर के एडिशनल डायरेक्टर के नेतृत्व में शहर के आठ प्रमुख ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई है।

डीजीजीआई की राडार पर शादी-समारोहों में सेवाएं देने वाले शहर के वे सभी बड़े नाम हैं, जो टेंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग का काम करते हैं, जिन फर्मों और जगहों पर टीमें पहुंची।

डीजीजीआई की टीमों ने जोधपुर शहर के सरदारपुरा के अलग-अलग इलाकों में स्थित सिंघवी टेंट और उनसे जुड़े ऑफिस, गोदाम, मकान और फार्म हाउस पर छानबीन शुरू की है। अधिकारियों ने दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की। विभागीय सूत्रों का मानना है कि पिछले शादी के सीजन में जोधपुर में हुई हजारों शादियों की बुकिंग और इन फर्मों की ओर से भरे गए जीएसटी रिटर्न में भारी अंतर के संकेत मिले थे। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई में करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी उजागर हो सकती है।

# डूंगरपुर में दो मकानों में चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** धंबोला थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास स्थित चोरों ने दो घरों से 7 लाख 25 हजार नकद और 20 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर व चांदी के सिक्के चुरा लिए। कुल मिलाकर 27 लाख 25 हजार रुपए से अधिक का सामान चोरी हुआ है। धंबोला निवासी निकुंज भट्ट, जो वर्तमान में डूंगरपुर में रहते हैं, उनके घर में चोरी हुई। निकुंज भट्ट के भाई सनत भट्ट का मकान भी पास में ही है। सनत भट्ट अपने बच्चे की परीक्षा के लिए उदयपुर गए थे और रात में अपनी बेटी के घर डूंगरपुर में रुक गये थे। सुबह जब वे अपने घर लौटे, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला।

# सांवलिया सेठ भंडार : तीसरे चरण में 6.43 करोड़ रु. मिले

**मंडफिया, (निसं)।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 17 जनवरी चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंगलवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णण उपस्थिति में तीसरे चरण में हुई। तीसरे चरण से भंडार से 6 करोड़ 43 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व दो चरणों में 15 करोड़ 79 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे। तीनों चरणों को मिलाकर 22 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए हैं। चौथे चरण की गिनती बुधवार को होगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, सदस्य किशन लाल अहीर रामलाल गुर्जर, पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, लेखाधिकारी राजेंद्र सिंह, मंदिर प्रभारी भैरूगिरी गोस्वामी सहित मंदिर व बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

- **तीनों चरणों को मिलाकर 22 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए हैं, चौथे चरण की गिनती आज होगी**

# डीडवाना में एसआईआर में गलत तरीके से वोटरों के नाम काटने पर नाराजगी

**डीडवाना, (निसं)।** एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर मंगलवार को डीडवाना में बड़ा बवाल देखने को मिला। डीडवाना के ग्राम शेरानी आबाद और रामसाबास में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटने को लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जिला कलैक्ट्रेट पहुंचे और जायज मतदाताओं के नाम काटने का विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने निर्वाचन अधिकारी पर भाजपा के दबाव में आकर समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट कर उनके नाम काटने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। वहीं गुस्साए ग्रामीणों ने जिला कलैक्टर के चैंबर में घुसने का भी प्रयास किया, लेकिन गेट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को रोक लिया। इसके बाद ग्रामीण जिला कलैक्टर के कक्ष के बाहर ही धरने पर बैठ गए।

- **शेरानी आबाद और रामसाबास के ग्रामीणों ने कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया**

इस दौरान डीडवाना विधायक यूनुस खान के साथ ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलैक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत से मिला और उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। ग्राम पंचायत शेरानी आबाद के सरपंच शेर मोहम्मद ने जिला कलैक्टर को बताया कि शेरानी आबाद गांव में लगभग 1800 मतदाताओं के नाम काटने के लिए फर्जी आपत्तियां दी गई है, लेकिन जिनके नाम से आपत्तियां दी गई है, उनमें से अधिकांश लोग विदेश में रहते हैं और कई लोग निरक्षर हैं, जबकि आपत्ति करने वाला व्यक्ति अधिकतम 50 से ज्यादा आपत्तियां नहीं लग सकता, मगर शेरानी आबाद में एक ही व्यक्ति के नाम से 500 से ज्यादा आपत्तियां लगा दी गई, जिससे पूरा का पूरा मामला ही संदिग्ध और फर्जी नजर आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारी भाजपा के दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरा गांव समुदाय विशेष के बाहुल्य का गांव है, इसलिए भाजपा के इशारे पर मतदाताओं के नाम काटने की साजिश रची गई है।

विधायक यूनुस खान ने जिला कलैक्टर को कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच की जाए और फर्जी आपत्तियां देने वालों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट देना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, मगर साजिश पूर्ण तरीके से लोगों के नाम काटकर उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर जिला कलैक्टर ने पूरे मामले की गहनता से जांच करने का आश्वासन दिया।

# हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** झाड़ोल थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले पति पप्पुड़ा उर्फ पप्पुलाल पुत्र कालू निवासी गोदावाड़ा को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 18 जनवरी को हगजी पुत्र बदा निवासी बुझा बाघपुरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी पुत्री प्यारी का विवाह 15 वर्ष पूर्व पप्पुड़ा पुत्र कालू निवासी गोदावाड़ा दमाणा झाड़ोल के साथ हुआ था। पप्पुड़ा द्वारा दूसरी औरत को पत्नी बना कर लाने से प्यारी नाराज होकर पीहर बुझा चली आई थी। 13 जनवरी को वह बच्चों को मिलने के लिए गोदावाड़ा गई थी। 17 को फोन आया कि पुत्री प्यारी की हत्या हो गई है। वहां पहुंचने पर पता चला कि 16 जनवरी को प्यारी व पप्पुड़ा दोनों कन्थारिया आये थे और जाते सयम मेरी पुत्री के साथ पप्पुड़ा ने मारपीट कर हत्या कर दी।

# कोटा में दो कारों से 1.8 करोड़ का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** कोटा ग्रामीण की मंडाना पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दो कारों से 217.550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये अवैध मादक पदार्थ गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 8 लाख 77 हजार 500 रूपये बताई गई है।

- **दोनों कारों के विंड स्क्रीन पर वकील का लोगो लगा हुआ था**
- **217.550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया**



कोटा ग्रामीण की मंडाना पुलिस टीम ने गांजा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध गतिविधियों व मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मंडाना इलाके में आकस्मिक चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच 52 से कच्चा रास्ता सोनी फॉर्म के पास वनभूमि मण्डाना में दो कारों से सामान अदला-बदली की जा रही है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उक्त सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए मंडाना थाने के थानाधिकारी वासुदेव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मंडाना पुलिस टीम सूचना पर मौके पर पहुंची, जहां पर अन्धेरे में मोबाईल फोन की टॉर्च से उजाला करके झाड़ियों की आड़ में दोनों कारों से सामान को अदला-बदली करते हुए नजर आये। पुलिस टीम ने मौके पर दो जनों को डिटेन किया एवं दोनों कारों की तलाशी ली तो एक कार से अवैध मादक पदार्थ गांजा के 22 पैकेट एवं दूसरी कार से अवैध मादक पदार्थ के 78 पैकेट जप्त किये गये। ग्रामीण एसपी ने बताया कि जब्त दोनों कारों के विन्ड स्क्रीन पर वकील का लोगो का चिन्ह लगा हुआ था। पुलिस टीम ने दोनों कारों से 217.550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है। पुलिस टीम ने मौके पर जोधपुर के कालीबेरी सुरसागर निवासी भावेश और पाली निवासी इमरान खान को गिरफ्तार किया।

वहीं विज्ञान नगर पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी अब्दुल रसीद खान को अवैध मादक पदार्थ एमडी 19.85 ग्राम व चरस 94.42 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया।

# फलोदी में 52.70 लाख की स्मैक व एमडी बरामद

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 253.55 ग्राम स्मैक और 9.97 ग्राम एमडी बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 52.70 लाख रुपए बताई जा रही है।

एसपी कुंदन कंवरिया ने बताया कि अतिरिक्त एसपी ब्रजराजसिंह चारण और सीओ अचलसिंह के सुपरविजन में भोजासर थानाधिकारी जमील खान के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने अवैध मादक पदार्थ बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना भोजासर में तैनात कांस्टेबल सीताराम की सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मोहर नगर स्थित आरोपी हकीम अली के घर पर छापा मारा। वहां से 253.55 ग्राम स्मैक और 9.97 ग्राम एमडी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी हकीम अली पुत्र नसीर खां और मूसे खान पुत्र नसीर खान को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने यह अवैध मादक पदार्थ मोरिया निवासी रईश पुत्र दिने खां से खरीदा था। पुलिस अब रईश की तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफ भोजासर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में आगे की जांच जारी है।

- **पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया**

# अमृतसर में एनआरआई महिला की हत्या, पति गंगानगर से गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पंजाब के अमृतसर में एक एनआरआई महिला की होटल में हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पति कुछ दिन पहले ही पत्नी को घुमाने की बात कहकर होटल ले गया, फिर उसे मारकर फरार हो गया था। अब पुलिस उसे श्रीगंगानगर से गिरफ्तार कर अमृतसर ले गई है।

- **पति कुछ दिन पहले ही पत्नी को घुमाने की बात कहकर होटल ले गया, फिर उसे मारकर फरार हो गया था**
- **मृतका मूल रूप से गुरदासपुर की रहने वाली थी और ऑस्ट्रिया में रहती थी, पति के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने भारत आई थी**

घटना पिछले दिनों अमृतसर के एक होटल के कमरे में हुई थी, जहां महिला की लाश मिली थी। मृतका मूल रूप से गुरदासपुर की रहने वाली थी और ऑस्ट्रिया में रहती थी। वह अपने पति के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने भारत आई थी। होटल स्टाफ ने शक तब किया जब आरोपी काफी देर तक कमरे में वापस नहीं लौटा और अंदर से कोई हलचल नहीं दिखाई दी। दरवाजा खटखटाने पर भी जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो महिला की लाश बेड के नीचे पड़ी थी। जांच में सामने आया कि महिला के शरीर के कई हिस्सों पर किरच से वार किए गए थे। पुलिस ने अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया है। पति मनप्रीत सिंह 8 दिन पहले ही पत्नी के साथ विदेश से लौटा था। वो पत्नी को घुमाने के बहाने से होटल ले गया था और फिर वहीं उसे किरच से मारकर फरार हो गया। उसने पेट-गर्दन पर किरच से कई वार किए थे। गुरदासपुर के गांव वड़ैच के रहने वाले लवप्रीत सिंह के अनुसार उसकी बहन प्रभजोत कौर की शादी 7 साल पहले अमृतसर के गांव जेठुवाल के मनदीप सिंह ढिल्लो से हुई थी। शादी के बाद प्रभजोत पति के साथ ऑस्ट्रिया में रहने चली गई। इसके बाद उनके बीच संबंध ठीक चल रहे थे।

ऑस्ट्रिया में रहते हुए पति मनदीप को शक हो गया कि प्रभजोत के किसी और लड़के के साथ संबंध हैं। इस बात को लेकर मनदीप ढिल्लों अक्सर पत्नी प्रभजोत से झगड़ा करता रहता था। इस वजह से उनके बीच तनाव चल रहा था। इस बारे में बहन ने भी बताया था कि पति उसके चरित्र पर शक करता था। बार-बार उसके साथ मारपीट करता था।

मृतका के पिता मक्खन सिंह के अनुसार, बेटी की शादी एक अच्छे परिवार में की थी। लंबे समय तक दोनों में किसी तरह की कोई अनबन भी नहीं थी। उनका करीब 6 महीने पहले ही बेटा पैदा हुआ था। उन्होंने कहा कि अब तक समझ नहीं आ रहा कि पति ने ऐसा क्यों किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने तीन दिन का रिमांड हासिल किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जल्द ही और अहम खुलासे हो सकते हैं। अधिकारियों का मानना है कि आरोपी के बयान से हत्या की पूरी साजिश सामने आ सकती है।

# शव को सड़क पर रख धरना देने पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अलवर, (निसं)।** अकबरपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 248ए पर शव रखकर जाम व प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने नाथ समाज के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बारह बजे जुगाड़ गाड़ी को पुलिस के वज्र वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इसके बाद जुगाड़ पलट गया और एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी जो भर्तृहरि धाम नाथ समाज के महासंगम में जा रहे थे। इसके बाद समाज के लोगों ने शव को सड़क पर रख पांच घंटे तक सड़क जाम कर धरना दिया था, जिसमें भीड़ को उकसाने के आरोप व शव सड़क पर रख जाम करने के मामले में 7 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे नटनी का बारा से आगे माधोगढ़ की ओर एक जुगाड़ पलटने की घटना के बाद मृतक के शव को अलवर-जयपुर नेशनल हाइवे 248ए पर रखकर प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान करीब पांच घंटे तक हाइवे अवरुद्ध रहा और दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन और परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुकदमे के अनुसार प्रदर्शनकारियों को पुलिस द्वारा बार-बार समझाइश दी गई कि शव को सड़क से हटाकर विधिक प्रक्रिया अपनाई जाए, लेकिन इसके बावजूद शव को हाइवे से नहीं हटाया गया और आवागमन बाधित किया गया।

पुलिस ने मामले में नाथ समाज के कुम्हेर योगी, गीता योगी, गणेश योगी, अनिल योगी भारतीय, अरविंद योगी, पुखराज योगी (संयोजक) और शेरसिंह आजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते,'' जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। - **जानिक सिनर**

**टेनिस खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने के बाद बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## साइना नेहवाल



**ओलंपिक** मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है। लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई।

**क्या आप जानते हैं ?...** दोनों के बीच अभी तक 25 मुकाबले हुए हैं। इसमेंभारतीय टीम को 14 जीत मिली है जबकि न्यूजीलैंड ने 10 को अपने नाम किया है। भारत को मिली 14 जीत में 2 जीत सुपर ओवर की भी हैं।

## टी-20 सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय

नागपुर, 20 जनवरी। माइकल ब्रेसवेल का भारत के ख़िलाफ़ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी ख़बर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आख़िरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिंच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज़्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा, ''आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी। इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा।'' इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ।

# मैं अपनी पहचान नहीं बदलूंगा : सूर्यकुमार



नागपुर, 20 जनवरी। बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले, भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने खराब फॉर्म को लेकर आशावादी रुख दिखाया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन 2025 में निराशाजनक रहा। सूर्यकुमार 21 मैचों और 19 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए। उन्होंने 13.62 के औसत से 218 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 47 रहा।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा कि वह नेट पर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी उस पहचान को बदलना नहीं चाहते, जिसने उन्हें पिछले तीन-चार सालों में सफलता दिलाई है।भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान ने आगे कहा कि वह इसी तरह बल्लेबाजी करना चाहेंगे और अगर सब कुछ ठीक नहीं रहा, तो वह नए सिरे से रणनीति बनाएंगे और मजबूत होकर वापसी करेंगे। सूर्यकुमार ने कहा कि सीरीज़ में खेला जाने वाला हर मैच महत्वपूर्ण होता है। हम हर मैच से कुछ न कुछ हासिल करने की कोशिश करते हैं। मैं नेट पर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और रनों की बात करें तो, रन जरूर बनेंगे, लेकिन साथ ही, मैं कुछ अलग नहीं कर सकता। मैं अपनी पहचान नहीं बदलना चाहता।

सूर्यकुमार ने कहा कि पिछले 3-4 सालों में मुझे जिस तरह से सफलता मिली है, मैं उसी तरह से बल्लेबाजी करना चाहूंगा। और अगर प्रदर्शन अच्छा रहा, तो मैं उसे स्वीकार करूंगा। अगर नहीं, तो मैं नए सिरे से तैयारी करूंगा, फिर से अभ्यास करूंगा, कड़ी मेहनत करूंगा और पहले से ज्यादा मजबूत होकर वापसी करूंगा।

सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम इंडिया को तिलक वर्मा और वाशिंगटन सुंदर जैसे स्टार खिलाड़ियों की कमी खलेगी, जो चोट के कारण बाहर हैं। हालांकि, भारतीय टी20 कप्तान ने इस बात पर जोर दिया कि वर्मा और सुंदर की अनुपस्थिति में अन्य खिलाड़ी मौकों का फायदा उठा रहे हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

भारत के टी20 कप्तान ने कहा कि चोट एक खिलाड़ी के जीवन का अहम हिस्सा होती है। इसलिए हम इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। यह किसी के बस में नहीं है। लेकिन साथ ही, किसी और को खेलने का मौका मिलेगा। मेरा मतलब है, तिलक और वाशिंगटन की कमी तो हमें ज़रूर खलेगी।

जब भी उन्होंने इस फॉर्मेट में खेला है, उन्होंने भारतीय टीम के लिए बहुत कुछ किया है। लेकिन साथ ही, उनकी जगह किसी को तो खेलना ही होगा। हम नौ खिलाड़ियों के बिना नहीं खेल सकते। लेकिन हां, किसी को मौका मिलेगा, और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। 16 जनवरी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि की कि ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## विराट और रोहित का बीसीसीआई संशोधित अनुबंध में घटेगा कद



नई दिल्ली, 20 जनवरी। विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई की 2026-27 सीज़न की वार्षिक केंद्रीय अनुबंध सूची में स्थान परिवर्तन का सामना करना पड़ सकता है। दोनों वरिष्ठ बल्लेबाजों ने 2024 में टी20 और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, इसलिए वे अब केवल एक ही प्रारूप में सक्रिय हैं। इसी वजह से प्रबंधन उन्हें ग्रेड बी में स्थानांतरित करने पर विचार कर रहा है। बीसीसीआई एक संशोधित अनुबंध संरचना की घोषणा करने की तैयारी कर रहा है, जिसमें ए श्रेणी को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। कोहली और रोहित वर्तमान में रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के साथ ए श्रेणी में हैं, और इन सभी को इस श्रेणी के तहत सालाना 7 करोड़ रुपये मिलते हैं। यदि ये बदलाव स्वीकृत हो जाते हैं, तो जडेजा और बुमराह को ग्रेड ए में स्थानांतरित किया जा सकता है। यह प्रस्ताव मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर द्वारा पहले ही रखा जा चुका है और अंतिम निर्णय लेने से पहले आगामी शीर्ष परिषद की बैठक में इस पर चर्चा होने की उम्मीद है। अगर बीसीसीआई ए श्रेणी को खत्म कर देता है, तो यह देखना होगा कि क्या कोई नई डी श्रेणी शुरू की जाती है।

## भदौरिया और संस्कार क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 20 जनवरी। वनडे कप सीजन -1 में पहले मैच में आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 68 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कार्तिक ने सर्वाधिक 27 रनों का योगदान दिया। संस्कार क्रिकेट अकादमी के ओर से आदित्य वाधवा ने 5, हनी प्रताप सिंह और आदित्य ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार क्रिकेट अकादमी ने सात ओवर में 72 रन 1 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। हार्दिक ने सर्वाधिक 47 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच आदित्य वाधवा को चुना गया। दूसरे मैच में सोलफिल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 107 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। सौरभ शर्मा ने 28 और मोहित प्रजापत ने 25 रनों को योगदान दिया। भदोरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य चौधरी ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोरिया क्रिकेट अकादमी ने 11 ओवर में 108 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। अर्णव गौतम ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया। सोलफिल क्रिकेट अकादमी की ओर से पंकज प्रजापत ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच आदित्य चौधरी को चुना गया।

## अभी पक्का नहीं है कि हम वर्ल्ड कप में जाएंगे या नहीं : लिटन दास



ढाका, 20 जनवरी। ''जवाब देना सुरक्षित नहीं है,'' बंगलादेश के टी20 के कप्तान लिटन दास ने मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक पत्रकार को बीच सवाल में ही रोक दिया, जब उसका सवाल टी20 वर्ल्ड कप से पहले चल रहे गतिरोध की ओर जा रहा था। रंगपुर राइडर्स के कप्तान दास एलिमिनेटर में सिलहट टाइटन्स से तीन विकेट से हारने के बाद बीपीएल से बाहर होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। हालांकि, चर्चा जल्दी ही मैच से हटकर बांग्लादेश के वर्ल्ड कप में भाग लेने और फैसले लेने की प्रक्रिया में खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर अनिश्चितता की ओर चली गई।

वीकेंड में, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ गतिरोध पर बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ। बीसीबी ने भारत से बाहर जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को दोनों एशियाई देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह वर्ल्ड कप के बारे में बोर्ड के रुख से सहमत हैं, तो दास ने सावधानी से जवाब दिया। ''कोई टिप्पणी नहीं।'' क्या आपको यकीन है कि हम वर्ल्ड कप में जा रहे हैं? उन्होंने कहा,''आपको नहीं पता, मुझे नहीं पता, हम एक ही नाव में हैं। वर्ल्ड कप अभी बहुत दूर है। हमें अभी यह भी पक्का नहीं है कि हम वर्ल्ड कप में जाएंगे भी या नहीं। ''हर कोई बीपीएल खेल रहा है, यह सच है, लेकिन अगर हमें पता होता कि हमारे ग्रुप के विरोधी कौन हैं या हम किस देश में जा रहे हैं, तो इससे मदद मिलती।

## 50 मीटर 3 पोजिशन्स में तिलोत्तमा और नीरज बने विजेता

नई दिल्ली, 20 जनवरी। राष्ट्रीय चैंपियन तिलोत्तमा सेन ने 50 मीटर राइफल 3 पोज़िशन्स में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित ग्रुप ए के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स टी1 का खिताब जीता, जबकि नेवी के नीरज कुमार ने पुरुष वर्ग में बाज़ी मारी। वहीं 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी1 में पंजाब के राजकंवर सिंह संधू ने शीर्ष स्थान हासिल किया। 50 मीटर 3 पोज़िशन्स के फाइनल नए आईएसएसएफ फॉर्मेट में खेले गए, जिसमें हाल ही में 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में 11 पदक जीतने वाली तिलोत्तमा सेन ने कर्नाटक के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए आशी चौकसे को महज 0.6 अंकों के अंतर से पीछे छोड़ा। तिलोत्तमा ने 360.1 का स्कोर किया, जबकि आशी ने 359.5 के साथ रजत स्थान हासिल किया। राजस्थान की मानीनी कौशिक 347.5 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

## टी-20 सीरीज में होगा भारत का इम्तिहान

नागपुर, 20 जनवरी। क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा। सभी के मन में एक ही सवाल है: क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है?

भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल-ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है।

लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा। भारत का टी20 का रथ पूरी रफ़्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा।

नागपुर में पहला टी20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज़्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुकाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी।

## 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता आज से प्रारंभ

जयपुर, 20 जनवरी। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21 जनवरी 2026 से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उद्घाटन मुकाबला मैत्री क्रिकेट क्लब व दी राईजिंग क्रिकेट क्लब के मध्य सोनी स्टेडियम पर खेला जायेगा। प्रतियोगिता में जयपुर व राजस्थान के अन्य जिलों से कुल 20 टीमों ने भाग लेने की पुष्टि की है जिसमें पिछली विजेता टीम जयपुर ब्लूज़, उपविजेता अरावली क्रिकेट एकेडमी सेमिफाईनलिस्ट राजस्थान यूथ व एस.जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी, चम्बल स्पोर्ट्स, नीरजा मोदी, झुंझुनू एकादश, स्टार क्लब किशनगढ़ तथा मेजबान बनीपार्क क्रिकेट क्लब सहित जयपुर सहित सभी प्रमुख टीमें व एकेडमियां भाग लेंगी। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच 40-40 ओवर के खेले जायेंगे। इसमें विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरूस्कार तथा प्रत्येक मैच का मैन ऑफ दी मैच दिया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन सचिव एस.एम. माथुर करेंगे तथा समारोह की अध्यक्षता प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. सोनी करेंगे।

## रसूली, जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने विंडीज को हराया

दुबई, 20 जनवरी। इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगानिस्तान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विंडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिंगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया।

## निकी पूनाचा ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंड स्लैम डेब्यू में ही बाहर

मेलबर्न, 20 जनवरी। भारत के निकी कालियांडा पूनाचा का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में ग्रैंड स्लैम डेब्यू पहले ही राउंड में ख़त्म हो गया, जब वह और उनके पार्टनर थाईलैंड के प्रूच्या इसारो मंगलवार को मेन्स डबल्स में सीधे सेटों में हार गए। पूनाचा और इसारो, जिन्होंने पिछले नवंबर में एशिया-पैसिफिक वाइल्ड कार्ड प्ले-ऑफ टूर्नामेंट के जरिए मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी।

## अप्रैल में पांच टी-20 के लिए भारतीय महिला टीम की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

जोहानसबर्ग, 20 जनवरी। टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की अंतिम टी20 सीरीज अप्रैल में भारत के ख़िलाफ़ पांच मैचों की सीरीज होगी जो कि वह अपने घर पर खेलेगी। 17 और 19 अप्रैल को डरबन में पहले दो मुक़ाबले खेले जाएंगे, इसके बाद जोहानसबर्ग में 22 और 25 अप्रैल को अगले दो मुक़ाबले खेले जाएंगे। वहीं सीरीज का अंतिम मुक़ाबला 27 अप्रैल को बेनोनी में खेला जाएगा। इससे पहले दक्षिण अफ़्रीका फ़रवरी-मार्च में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी। भारत के ख़िलाफ़ सीरीज खेलने से पहले दक्षिण अफ़्रीका मार्च-अप्रैल में न्यूज़ीलैंड का दौरा भी करेगी। वहीं भारतीय टीम अप्रैल में साउथ अफ़्रीका के दौरे पर जाने से पहले फ़रवरी-मार्च में मल्टी फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी और अप्रैल में दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ सीरीज खेलने के बाद भारतीय टीम मई की शुरुआत में इंग्लैंड में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

### // ओ.एन. दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 //

## शशिकांत, रियाज, जगदीश, सोहिनी, स्मिता जैन ने जीते 3-3 खिताब

जयपुर, 20 जनवरी। ओ.एन दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 पुरुष 60 वर्ष आयु वर्ग में आर नागराज ने भानु प्रताप सिंह को 6-1, 6-1, 55 में बालकृष्ण भाटिया ने श्रीनिवास रेड्डी को 6-3, 6-2, 45 रोहन भसीन ने सम्राट भसीन को 5-7, 6-0 10-8, 40 में रियाज अहमद ने विकास चौधरी को 7-5, 7-5, 35 अंकित सेतिया ने कार्तिकेय सिंह को 7-5, 7-6 (7), 30 में शशिकांत रमानी ने लविश नेहरा को 6-4, 6-4 वही महिला में प्रीति उज्जयिनी ने संजना को 6-1, 6-2 से हराकर एकल खिताब जीते।

सोहीनी कुमारी प्लस 55 मे फेडरेशन कप में भारत का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तीन बार प्रतिनिधित्व किया है तथा उनके पिता यशवंत सिंह दिल्ली टेनिस एसोसिएशन के सचिव भी रहे हैं राइट विंग कमांडो रानी स्मिता जैन भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है।



अन्य परिणाम निम्न प्रकार से रहे -30 पुरुष युगल में शशि कांत व विवेक झाँझरिया ने प्रशांत व रोहित डेविड एंड को 7-5, 7-5, 35 मिशाल व कार्तिकेय ने नरेंद्र व अरुण चौधरी को 2-6, 7-6(4), 10-2, 45 दिलीप मोंटी व भ र त ने रोहन व सम्राट भसीन को 7-5, 7-6(5), 55 गुरदर्शन रमाना व आशुतोष पेडनेकर ने बालकृष्ण भाटिया व योगेश कोहली को 7-6(5), 6-1, 60 अरुण अग्रवाल व आर नागराज ने पुनीत गुप्ता व भानु सिंह को 2-6,6-1,10-5 से हराया । मिक्स युगल 50 में सोहिनी कुमारी वि जगदीश तंवर ने, 40 रानी स्मिता जैन व रियाज अहमद ने, 30 चेतना असारी व शशि कांत रमानी ने जीता । टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से आए अनुभवी खिलाड़ियों की भागीदारी से मुकाबले बेहद रोमांचक बनते जा रहे हैं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है ।

## शमशीर अली ने ऑप्टिमस अचीवर्स को और ध्रुवपाल गोदारा ने रामबाग को जिताया

जयपुर, 20 जनवरी। राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप टूर्नामेंट में कैवेलरी पोलो ग्राउंड पर आरपीसी/थंडरबोल्ट पोलो टीम और रामबाग पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें रामबाग पोलो टीम ने आरपीसी/थंडरबोल्ट को 4.5 के मुकाबले 9 गोलो से हराया। रामबाग पोलो टीम की ओर से एजेलो ओर सिद्धांत सिंह ने 1- 1 गोल किए वहीं ध्रुवपाल गोदारा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 7 गोल कर टीम को जीत दिलाई। ढाई गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही आरपीसी/थंडरबोल्ट पोलो टीम की ओर से केवल मृत्यंजय सिंह ने 2 गोल किये।

**अचीवर्स ने वी पोलो को हराया**

दूसरे मैच में पीपीसी पोलो ग्राउंड पर वी पोलो टीम और ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच मैच खेला गया जिसमें ऑप्टिमस अचीवर्सने वी पोलो को 8.5 के मुकाबले 12 गोल से हराया। ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो टीम की ओर से शमशीर अली ने अपने पुराने शानदार खेल प्रदर्शन दिखाते हुए बेहतरीन 8 गोल किये ओर सेवीर मेहराज ने1 गोल वहीं डेनियल ने 3 गोल किये।आधे गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही वी पोलो टीम की ओर से सलीम आज़मी ने 1 गोल और सेंटियागो ने बेहतरीन खेलते हुए 7 गोल कर अपनी टीम की साख बचाई।

### // जयपुर पोलो सीजन 2026 का हुआ आगाज //

# 29 मार्च तक होगा आयोजन, लेडीज पोलो मैच का आयोजन होगा

जयपुर, 20 जनवरी। राजस्थान पोलो क्लब में बहुप्रतीक्षित जयपुर पोलो सीजन 2026 का 19 जनवरी से आगाज हो गया है। यह सीज़न 29 मार्च तक चलेगा और इसमें कई रोमांचक मैच आयोजित होंगे। इस सीजन का मुख्य आकर्षण एक बार फिर से 14 गोल का ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह जयपुर कप के लिए जयपुर ओपन टूर्नामेंट होगा। यह टूर्नामेंट 16 फरवरी से 21 फरवरी तक होगा। यह टूर्नामेंट केरिसिल द्वारा स्पॉन्सर किया गया है। इस सीज़न में, एक और बड़ा टूर्नामेंट 14 गोल वाला रैफल्स सिरमौर कप होगा, जो 9 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट को रैफल्स होटल, जयपुर स्पॉन्सर कर रहा है। यह जानकारी जयपुर के हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने आज आरपीसी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पोलो (एफआईपी) के भारत के एम्बेसडर, महाराज नरेंद्र सिंह; राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) के ऑनरेरी सेक्रेटरी, दिग्विजय सिंह और आरपीसी के जॉइंट सेक्रेटरी, विक्रमादित्य बरकाना भी मौजूद रहे। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने आगे बताया कि पिछले वर्षों की तरह, जयपुर पोलो सीज़न में लेडीज़ पोलो मैच का आयोजन भी किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को हॉर्स पोलो के खेल में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मैच की सफलता और ज़बरदस्त जोश को देखते हुए, 22 फरवरी को प्रिंसेस दीया कुमारी फ़ाउंडेशन (पीडीकेएफ) लेडीज़ पोलो कप 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसे यूएस. पोलो एसोसिएशन और पीडीकेएफ स्पॉन्सर कर रहे हैं। इस सीज़न का पहला टूर्नामेंट राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल) है। यह टूर्नामेंट 19 जनवरी से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलेगा। इसे रामबाग पैलेस जयपुर स्पॉन्सर कर रहा है। **इस सीज़न के अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में शामिल हैं-** राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप, 19 जनवरी - 25 जनवरी, 6 गोल्स, कोग्निवेरा पोलो कप, 26 जनवरी-1 फरवरी, 8 गोल्स, द लीला महाराजा सवाई मान सिंह पोलो कप, 2 फरवरी-8 फरवरी, 8 गोल्स, रैफल्स सिरमौर कप, 9 फरवरी-15 फरवरी, 14 गोल्स, ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप के लिए जयपुर ओपन, 16 फरवरी-21 फरवरी,14 गोल्स, राजस्थान टूरिज्म पोलो कप, 23 फरवरी-1 मार्च, 6 गोल्स, एसएमएस गोल्ड वेस, 2 मार्च-8 मार्च, 4 गोल्स, जयपुर जूनियर कप अंडर 21 (आउट ऑफ हैट), 12 मार्च-8 मार्च, श्री सीमेंट कप 9 मार्च-15 मार्च, आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट), 16 मार्च-22 मार्च, आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट), 23 मार्च-29 मार्च। **इस पोलो सीज़न में खेल के कुछ टॉप पोलो खिलाड़ी हिस्सा लेंगे,** जिनमें मैनुअल एफ लोरेंटे (+6), सैंटियागो मारम्बियो (+6), एलेजो अरामबुरु (+6); डैनियल ओटामेंडी (+4), लांस वॉटसन (+4), सिमरन शेरगिल (+4); जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह (+4), शमशीर अली (+4), सिद्धांत शर्मा (+3), ध्रुव पाल गोदारा (+2), भवानी कालवी (+2), कुलदीप सिंह राठौड़ (+2), राव हिम्मत सिंह बेदला (+1), सलीम आज़मी (+1) सहित कुछ आर्मी ऑफिसर शामिल हैं। युवा खिलाड़ियों के बीच पोलो के खेल को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए, जयपुर जूनियर कप अंडर 21 आउट ऑफ़ हैट फ़ॉर्मेट में 2 मार्च से 8 मार्च तक खेला जाएगा। युवा प्रतिभा को बढ़ावा देने और उनके विकास करने की अपने प्रतिबद्धता के तहत, राजस्थान पोलो क्लब ने होनहार युवा खिलाड़ियों को इंटरनेशनल ट्रेनिंग का मौका देने के लिए एक खास सालाना स्कॉलरशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल के तहत, क्लब ने इस साल युवा खिलाड़ी आर्यमन सिंह को विश्व के अग्रणी पोलो डेस्टिनेशन में से एक, अर्जेंटीना में ट्रैवल और ट्रेनिंग करने में मदद की। इस सीज़न में एग्ज़िबिशन मैचों में 24 जनवरी को रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप आयोजित होगा, जिसे रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट द्वारा स्पॉन्सर किया जा रहा है; 26 जनवरी को एग्ज़िबिशन पोलो मैच; 7 फरवरी को केजीके पोलो कप, जिसे केजीके स्पॉन्सर करेगा; 14 फरवरी को ईटन कॉलेज बनाम मेयो कॉलेज मैच, जिसे गैब्रियल इंडिया द्वारा पावर्ड होगा; 28 फरवरी को एचएच राजमाता पद्मिनी देवी ऑफ जयपुर इंटरनेशनल शील्ड, जिसे डायकलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड स्पॉन्सर करेगा; और 9 मार्च को एग्ज़िबिशन पोलो मैच शामिल हैं।





यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान पोलो क्लब लंबे समय के इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसका उद्देश्य जयपुर को पोलो और घुड़सवारी के खेल के लिए साल भर चलने वाले सेंटर के तौर पर मज़बूत करना है। पोलो ग्राउंड में फ्लडलाइट लगाने की योजना पर काम चल रहा है, जिससे रात में पोलो खेला जा सकेगा और जयपुर में वर्षभर यह खेल संभव होगा। इसके अतिरिक्त, क्लब अपने राइडिंग स्कूल और जूनियर ट्रेनिंग प्रोग्राम को सपोर्ट करने के लिए एक इनडोर, हर मौसम में ढका हुआ एरीना बनाने पर काम कर रहा है, ताकि मौसम कैसा भी हो, बिना किसी रुकावट के ट्रेनिंग दी जा सके। क्लब पोलो ग्राउंड परिसर में एक इक्वाइन हॉस्पिटल बनाने की भी योजना बना रहा है, जिसमें एक सर्जिकल थिएटर और एक बेसिक डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी होगी, ताकि पोलो और घुड़सवारी गतिविधियों के लिए जानवरों की देखभाल, घोड़ों की कुशलता और इमरजेंसी में मदद को बेहतर बनाया जा सके। क्लब द्वारा ली गई विभिन्न पहलों के अंतर्गत मैच देखने आए दर्शकों को रिफ्रेशमेंट्स भी दिए जाएंगे।

